(3) जब कभी आवश्यक हो नीति हस्तक्षेप के माध्यम से उद्योगों की कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपाय।

(4) श्री जी एल के अन्तर्गत वस्त्र मशीनरी के आयात की अनुमति देने तथा ऐसे आयात पर शुल्क में कटौती करना।

आठवीं पंचवर्षीय योजना में वस्त्र क्षेत्र के लिए निर्धारित धनराशि

2711. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन :**

श्री राम जेठमलानी : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजन के लिए देश में वस्त्र क्षेत्र के लिए 1008 करोड़ रुपये के परिव्यय का अनुमोदन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त धनराशि में से सरकार ने मिल क्षेत्र, हथकरघा क्षेत्र तथा विद्युत चालित करघा क्षेत्र के लिए अलग अलग से कितनी धनराशि निर्धारित की है;

(ग) क्या यह सच है कि देश में हथकरघा उद्योग एक श्रम प्रधान उद्योग है तथा अन्यों की तुलना में अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है; और

(घ) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक हथकरघा क्षेत्र में कितने कामगारों को रोजगार मिलने की संभावना है?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी)

(क) जी हां।

(ख) सरकार द्वारा मिल क्षेत्र, हथकरघा क्षेत्र तथा विद्युतकरघा क्षेत्र के लिए उदृष्ट की गई राशि निम्न प्रकार है :--

(करोड़ रु. में)

मिल क्षेत्र	155.00
हथकरघा क्षेत्र	300.00 (हथकरघा विकास केन्द्रों की स्थापना के लिए 321.00 करोड़ रु. का अलग नियतन)
विद्युत करघा क्षेत्र	18.00

(ग) जी हां।

(घ) आठवीं योजना के अन्तिम वर्ष में हथकरघा क्षेत्र में पैदा किये जाने वाले रोजगार का अनुमान 134.40 लाख व्यक्ति है।

बेरोजगार वस्त्र श्रमिकों का पुनर्वास

2712. **श्री राजु भाई ए. परमार :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) कपड़ा मिलों के बन्द होने से बेरोजगार हुए श्रमिकों के पुनर्वास हेतु चालू वर्ष के दौरान कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ख) उन श्रमिकों का ब्यौरा क्या है जिन्हें अब तक राहत राशि प्रदान कर दी गई है;

(ग) उन श्रमिकों, विशेषकर गुजरात में, की संख्या कितनी है जिन्हें यह राहत राशि प्रदान करना बाकी है;

(घ) ये श्रमिक कब से बेरोजगार हुए हैं;

(ङ) इन बेरोजगार श्रमिकों को कब तक राहत राशि का भुगतान किये जाने की संभावना है;

(च) क्या बन्द पड़ी कपड़ा मिलों को पुनः चालू करने से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(छ) यदि हां, तो कब तक तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकटस्वामी) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वस्त्र कामगार पुनर्वास निधि योजना के अंतर्गत 4783 करोड़ रु. का प्रावधान (बजट प्राक्कलन) किया गया है।

(ख) से (घ) एक विवरण (नीचे देखिए) संलग्न है।

(ङ) कोई ठीक समय नहीं बताया जा सकता क्योंकि वस्त्र कामगार पुनर्वास निधि योजना के अन्तर्गत भुगतान की प्रक्रिया चल रही है क्योंकि सरकारी अपार्कता भविष्य निधि आयुक्त जैसे राज्य

सरकार के प्रतिनिधियों के माध्यम से सामंजस्य की जांच पड़ताल की जा रही है।

(च) तथा (छ) सरकार का बन्द पड़ी वस्त्र मिलों को पुनः खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, सरकार ने अर्थक्षम रुग्ण/बन्द पड़ी मिलों के संबंध में पुनर्वासन पैकेज को तैयार करने तथा प्रबन्धन के लिए औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड का गठन किया है।

वस्त्र कामगार पुनर्वासन निधि योजना के शुरू होने से (25-11-93 तक) इस योजना के अन्तर्गत संवितरित की गई राशि के राज्यवार आंकड़े निम्नोक्त प्रकार हैं :—

राज्य	पात्र कामगारों की संख्या	कामगारों की संख्या	भुगतान की गई राशि करोड़ रु.	जिन कामगारों को अभी भुगतान किया जाना है
गुजरात	39059	24984	47.12	14075
तमिलनाडु	1892	1090	2.64	2
दिल्ली	5187	5167	11.92	20
महाराष्ट्र	1955	1713	2.81	242
कुल	48093	33754	64.49	14439

WORKERS RETRENCHED FROM NTC AND OTHER TEXTILE MILLS

@2713. SHRI V. HANUMANTHA RAO : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that thousands of workers are likely to be retrenched from the NTC and other textile mills in 1993-94 and 1994-95;

(b) whether Government have made any provision for training of these workers for new jobs; and

(c) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKATSWAMY) : (a) to (c) A Turn Around Strategy has been approved for NTC involving, inter-alia, rationalisation of surplus workforce under the Voluntary Retirement Scheme. A Rehabilitation Fund with a corpus of Rs. 50 crores has been created for the purpose of training and redeployment of the workers of NTC who have availed of voluntary retirement. Schemes have been formulated to enable the rationalised workers to setting up powerloom/reeling units. A production incentive of 25 per cent to 33 per cent of the capital costs of the Schemes is provided after the looms/reeling units are run successfully for 6 months to make the venture more profitable.

FREEZING OF DA IN TEXTILE MILLS

@@2714. SHRI MENTAY PADMANABHAM : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that some textile mills in the country have been demanding freeze in D.A.;

@Previously unstarred question 1332 transferred from 13-12-1993.

@@Previously unstarred Question 1329 transferred from 13-12-1993.